**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to take steps for prevention of encephalitis in the country.

**डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज):** अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान मुजफ्फरपुर से शुरू एन्सेफलाइटिस से मरे बच्चों की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं । मैं कई दिनों से यह मुद्दा उठाना चाह रहा था । तब लगभग सौ बच्चे मरे थे और आज का आंकड़ा 200 के आस-पास पहुंच गया है । यह नेशनल ट्रेजडी है । मरने वाले बच्चे गरीब परिवारों के हैं । सदन में बहुत लोगों ने चर्चा की, सरकार ने चर्चा की, आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने भी चर्चा की, लेकिन बिहार में जो बच्चे मरे हैं, उसके ऊपर किसी ने भी चर्चा नहीं की है । यह एक क्रिमिनल नेगलिजेंसी है । इस बीमारी से **पि**छले 20-25 सालों से मौतें हो रही हैं, लेकिन न तो आज तक उसके प्रिवेंशन का कोई फॉर्मूला बना है और न ही उसके अवेयरनेस के बारे में कुछ किया गया है । मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि हिन्दुस्तान की हेल्थ मिनिस्ट्री और बिहार सरकार को निर्देश दिया जाए कि इसको गंभीरता से लें । इसको प्रिवेंट करने की जरूरत है और जितने बच्चों की मृत्यु हुई है, उनके परिवार को मुनासिब मुआवजा मिले ।